U.G. 2nd Semester Examination-2020

HINDI

[PROGRAMME]

Language Core Course (LCC)

Course Code : HINP-LCC-T-1

Full Marks : 60 Time : $2\frac{1}{2}$ Hours

The figures in the right-hand margin indicate marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित में से किन्ही **दस** प्रश्नों का उत्तर दीजिए : $2\times10=20$

क) भाषा की दो विशेषताएं बताइए ।

ख) 'संपर्क भाषा' का क्या अर्थ है?

ग) 'भाषा या भाखा' के स्थान पर 'हिंदी' या 'हिन्दवी' का सबसे पहले प्रयोग किसने किया था?

घ) 'यशपाल' के किन्हीं दो कहानी संग्रहों के नाम लिखिए।

ङ) मानक हिंदी से आप क्या समझते हैं?

च) संविधान की आठवी अनुसूची के अनुसार कितनी भाषाओं को राजभाषा के रूप में सांविधानिक मान्यता मिली है?

छ) 'चीफ की दावत' कहानी के दो प्रमुख पात्रों का नाम लिखिए ।

ज) 'हिन्दुस्तानी' शब्द का प्रयोग किस भाषा के लिए होता है?

झ) सुभद्रा कुमारी चौहान के किन्हीं दो काव्य संग्रहों के नाम लिखिए ।

ञ) 'खड़ी बोली हिंदी' किस अपभ्रंश से विकसित हुई है?

ट) 'संसद से सड़क तक' के कवि कौन हैं एवं उनका वास्तविक नाम क्या है?

ठ) 'गबन' उपन्यास के किन्हीं दो स्त्री पात्रों के नाम लिखिए ।

ड) 'भाषा और समाज' पुस्तक के लेखक कौन हैं?

ढ) निराला का पूरा नाम क्या है एवं उन्होंने किस पत्रिका का सम्पादन किया है?

ण) संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार हिंदी भारत की राजभाषा है?

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों का उत्तर दीजिए : $5\times2=10$

क) खड़ी बोली हिंदी का सामान्य परिचय दीजिए ।

ख) 'राष्ट्रभाषा' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

ग) 'फूलों का कुर्ता' कहानी का उद्देश्य अपने शब्दों में लिखिए ।

घ) 'जालपा' का संक्षिप्त चरित्र चित्रण करें ।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** काव्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 5×2=10

क) मुकुट शुभ्र हिम-तुषार
प्राण प्रणव ओंकार
ध्वनित दिशाएँ उदार
शतमुख-शतरव-मुखरे!

ख) शीतल कोमल चिर कंपन-सी,
दुर्ललित हठीले बचपन-सी,
तू लौट कहाँ जाती है री-
यह खेल-खेल ले ठहर-ठहर

ग) जब जब भारत पर भीड़ पड़ी, असुरों का अत्याचार बढ़ा,
मानवता का अपमान हुआ, दानवता का परिवार बढ़ा।
तब तब हो करुणा से प्लावित करुणाकर ने अवतार लिया,
बन कर असहायों के सहाय दानव दल का संहार किया।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

क) भाषा का अर्थ बताते हुए 'भाषा' और 'समाज' का अंतर्संबंध स्पष्ट कीजिए ।

ख) 'संसद से सड़क तक' कविता का मूल भाव अपने शब्दों में लिखिए ।

ग) 'चीफ की दावत' में निहित स्त्री-व्यथा को स्पष्ट कीजिए ।

घ) 'गबन' उपन्यास के शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए ।
